# ज़ुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : ०९ | मुंबई, शुक्रवार १ फरवरी से ७ फरवरी २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

## बांगुर नगर पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारियों ने ३६ घंटो में खून की गुत्थी सुलझाई!

आसिफ खान

**मुंबई :** मिली जानकारी के अनुसार २४/१/२०१९, के दिन शाम ५ बजे के दरमियान बांगुर पुलिस ठाणे की हद्द में, गणेश घात,गोरेगाव पश्चिम मुंबई में खाड़ी के पास के कीचड़ में एक महिला बेहोश पड़ी है ऐसी सूचना बांगुर नगर के पुलिस ठाणे के अधिकारियों को मिली. सुचना मिलते ही बांगुर नगर पुलिस ठाणे के अधिकारी व थाने अमलदार घटना स्थल पर पहुंचे. उस जगह खाड़ी के कीचड़ में पुलिस अधिकारियों को एक महिला की लाश मिली जिसकी उम्र लगभग ४० वर्ष की होगी. महिला कौन है इसकी जानकारी पाने के लिए पुलिस अधिकारियों आस पास की जगह में छान बीन शुरू की. तो पुलिस को पता चला के यह महिला नूरी नामक है. इसके बाद वारदात की जगह पर महिला की माँ पहुंची और उसने पुलिस को बताया के 'यह मेरी बेटी है. इसका नाम नाज़्मा उर्फ़ नूरी नेक मुहम्मद खान उम्र ४० वर्ष है'. महिला की लाश को तुरंत एम्बुलेंस में सिद्दार्थ रुग्णालय गोरेगाव पश्चिम में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे जांच करके दाखिले के पूर्व मृत घोषित कर दिया. मृत महिला की माँ ने अपनी बेटी की हत्या की शिकायत बांगुर नगर पुलिस ठाणे में दर्ज



कराई. बांगुर नगर के अधिकारीयों ने गुनाह क्रमांक ३८/१९ धरा ३०२ के तहत मामला दर्ज कर महिला की हत्या की गुत्थी सुलझाने में लग गए.

इस गुनाह की जांच में बांगुर नगर और गोरेगाव पुलिस स्टेशन के अधिकारियों को एक व्यक्ति ने सूचना दी के मृत महिला को एक पुरुष के साथ ऑटो रिक्शा में गणेश घाट के परिसर में जाते देखा ! उस रिक्शा का अधूरा नंबर नंबर २८८५ है ऐसा पुलिस को बताया. पुलिस अधिकारिओं ने अधूरे रिक्षा नंबर २८८५ की जानकारी आज़ाद नगर के इलाके से निकाली तोह पता चला की यह ऑटो रिक्षा इमरान नाम का व्यक्ति चलाता है.

पुलिस तुरंत हरकत में आयी और रिक्शा क्रमांक २८८५ के चालक इमरान को पूछताछ के लिए बांगुर नगर पुलिस स्टेशन लेकरआया गया जहां उससे पूछताछ की गयी. और मालूम हुआ के महिला की हत्या इमरान ने ही की थी. जिसके बाद पुलिस ने२६/१/२०१९ को सुबह ४ बज कर १८ मिनट पर इमरान को महिला की हत्या के लिए गिरफ्तार कर लिया गया. इस गुनाह में कोई ठोस जानकारी नहीं होने के बावजूद भी हत्या की गुत्थी ३६ घण्टे में बांगुर नगर पुलिस ठाणे के अधिकारियों ने सुलझा दी, जिसके लिए उन्हें यश प्राप्त हुआ. इस गुनाह की छान बीन में बांगुर नगर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय बाणे, जांच अधिकारी पुलिस निरीक्षक सुप्रिया पाटिल, सहायक पुलिस निरीक्षक विनीत कदम, दिलीप काळे, पुलिस उपनिरीक्षक लक्ष्मण खरात, नितिन जगताप व गोरेगाव पुलिस ठाणे के पुलिस उपनिरीशक मुजावर और दस्ते ने की और इस गुनाह के आरोपी को ३६ घंटो में गिरफ्तार किया.

## व्हाट्सएप पर चल रहे बड़े सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, महिला दलाल सहित ४ गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने सोमवार को मुंबई से सटे पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में लंबे समय से चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है. यह सेक्स रैकेट व्हाट्सएप के जरिए चलाया जा रहा था. मिली जानकारी के अनुसार दलाल सोशल मीडिया पर ग्राहकों को फोटो भेजते थे जिसके बाद सोशल मीडिया पर ही इनकी रुपयों और जगह फिक्स की जाती थी. व्हाट्सएप पर ही फोटो के साथ महिलाओं की बोली लगती थी और पूरी जानकारी ग्राहकों को भेजी जाती थी. इस बात का पता पुलिस को तब चला जब देह व्यापार की ४ पीड़ित महिलाओं ने पुलिस को आप बीती बताई.

सूचना पाते ही पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए छापेमारी की. छापे के दौरान ,पुलिस को ४ पीड़ित महिला के साथ महिला दलाल भी मिली है, यह चारों महिलाओं शादीशुदा हैं. एसपी गौरव सिंह के अनुसार उन्हें व्हाट्सएप पर सेक्स रैकेट चलाने की सूचना मिली थी. इसके बाद एसपी ने महिला पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी करने का निर्देश दिया. इससे पहले पुलिस ने व्हाट्सएप के ही जरिए महिला दलाल से संपर्क कर फर्जी ग्राहक भेजा. दलाल ने ग्राहक से संपर्क साध कर चार महिलाओं की फोटो भेजीं और ग्राहक के पास पहुंच गई. जिसके बाद पुलिस को लेकर दलाल ४ महिलाओं के साथ फर्जी कस्टमर के पास पहुंची. पुलिस ने उसी वक्त छापा मार के ४ पीड़ित महिलाओं के साथ महिला दलाल को संतोष भवन लॉज में गिरफ्तार कर लिया. मामले में पुलिस की जांच जारी है. पुलिस को शक है कि इस रैकेट में और लोग मिले हुए हों.

## हज-उमराह कराने के नाम पर हो रही है ठगी

**ख़ास रिपोर्ट!**

**'सस्ता रोए बार बार महंगा भला एक बार।'**

शाईस्ता शेख

**मुंबई :** खबर की मुख्य लाइन पढ़ के चौकिएगा नहीं क्यूंकि खबरअभी पूरी बाकी है..

'ज़ुल्म के खिलाफ आवाज़', राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र, आज अपने पाठको को एक ऐसी सच्चाई से अवगत करवाने जारहा है, जिसे सुन आपके भी रौंगटे खड़े हो जाएंगे। जी हाँ, आज हमआप को इस खबर के माध्यम से बताने जा रहे है की किस तरहकुछ असामाजिक लोग थोड़े से पैसे की खातिर लोगो की भावनाओके साथ खेलते है।

भारत देश के अलग अलग राज्यों में मुस्लिम समुदाय के लोगो को हज-उमराह कराने के नाम पे लूटा जा रहा है। आप को बता दे की कुछ असामाजिक तत्व के लोग आलिशान कार्यालय खोल के लोगो को कम पैसे में उमराह कराने का लालच दे कर उनकी खून पसीने की कमाई लूट रहे है। ऐसे लोग अक्सर अपना निशाना कम पढ़े-लिखे लोगों को बनाते रहे है। यह लोग इंटरनेशनल टूर्स एण्ड ट्रैवल्स के नाम पर लोगो को चूना लगा रहे है। यह लोग उमराह का टूर करवाएंगे वो भी सिर्फ मात्र ३२००० हज़ार की राशि में जो कि मुमकिन ही नहीं, जब की सऊदी एयरलाइन्स नामक विमान का वापसी का टिकट ही लगभग २८००० हज़ार रूपये की है और बाकी का रहना खाना सब जगह जाने के लिए बस का इंतज़ाम कहां से होगा?

'पैसा आज भरो, अगले साल उमराह के लिए ले जायेंगे ', ऐसा बोल के आम जनता को ठगा जा रहा है। ये इंटरनेशनल टूर्स -ट्रेवल्स के लोग मुस्लिम समुदाय के लोगों का पैसा जमा कर, एक वर्ष बाद रफूचक्कर हो जाते है। गरीब जनता लूट जाने के बाद ऐसे लोगों को ढूँढ़ते रह जाते हैं। इस लिए इस खबर के माध्यम से हम हिन्दुस्तानी मुस्लिम समुदाय से अपील करते है, कि अगर आपको कहीं ऐसे इंटरनेशनल टूर्स एंड ट्रैवल्स के बारे में जानकारी मिले, तो पहले उनका प्रमाणपत्र देख लें, क्या ये उसी राज्य का है, या कोई और राज्य का। सावधान रहे, सतर्क रहकर एक अच्छे नागरिक होनेका फ़र्ज़ अदा करे। ऐसे फ़र्ज़ी हज-उमराह करवाने वाले इंटरनेशनल टूर्स एंड ट्रेवल्स की जानकारी नज़दीकी पुलिस ठाणे को दें। 'ज़ुल्म के खिलाफ आवाज़' राष्ट्रीय समाचारपत्र, भारत के प्रधान-मंत्री नरेंद्र मोदी जी से भी यह अनुरोध करता है कि फौरन विदेश-मंत्री सुषमा स्वराज जी को ऐसे फर्ज़ी हज-उमराह करवाने वाले इंटरनेशनल टूर्स एंड ट्रेवल्स पर सख्त कानूनी कारवाई करें, ताकि ये लोग आम जनता को ठग ना सकें।

**'शर्म आती है लब हिलाते हुए, बेहीसी को शऊर कहते हैं।**
**मैं नमाज़ो को क्या कहूं नसरु, हज व उमराह को टूर कहते हैं।'**

## गणतंत्र दिन के उपलक्ष पर साईतरुण और मराठा मित्र मंडळ, हनुमान मंदिर, चरतसिंग कॉलोनी, अंधेरी पुर्व, मुंबई की तरफसे ध्वजारोहण



२६ जनवरी के गणतंत्र दिन के उपलक्ष पर साईतरुण और मराठा मित्र मंडळ, हनुमान मंदिर, चरतसिंग कॉलोनी, अंधेरी पुर्व, मुंबई की तरफसे ध्वजारोहण संपन्न हुआ. कार्यक्रम के लिये मुख्य अतिथी श्री. अकबर अफसर खान(संपादक क्राईम डिक्टेशन न्यूज), श्री. अशोक राणे. (कार्यकारी संपादक ) श्री किरण मेस्त्री (राष्ट्रीय सचिव ह्युमन राईट्स फोरम ) उपस्थित थे. (अंगणवाडी प्रकल्प ३ चकाला ) सेविका द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढाओ इस अभियान के तहत स्थानिक बच्चोने शानदार नाटक प्रस्तुत किया. बेटी बचाओ, बेटी पढाओ द्वारा लोगो मे जन जाग्रुती लाने के लिये सफल कार्यक्रम आंगणवाडी(उषा कावळे, शशिकला भोसले, जयश्री पाटील, सोनाली, भावना) इन सेविकाओने पेश किया. कार्यक्रम का संचलन सौ मंजिरी चव्हाण ने करके कार्यक्रम को सफल बनाने मे विशेष मेहनत ली है.

## महिला ने दर्ज कराया था झूठा उत्पीड़न केस, हाईकोर्ट ने लगाया २५ लाख रुपए का जुर्माना

**मुंबई:** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महिला और उसके पति पर २५ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। नेहा गांधिर फील गुड इंडिया नाम की कंपनी से जुड़ी एक व्यवसायी हैं। ट्रेडमार्क उल्लंघन को लेकर उनका झगड़ा मुंबई की स्पाट एंड कंपनी से हो गया था और इसके बाद महिला ने इस कंपनी को झूठे उत्पीड़न केस में फंसाने की धमकी देना शुरु कर दिया। हरियाणा की व्यवसायी गांधिर ने मुंबई बेस्ड कंपनी से विवाद होने के बाद कथित तौर पर एक झूठा उत्पीड़न केस दर्ज कराया। मामले पर टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए जस्टिस एस. काटावल्ला ने खुलासा किया कि लोगों में अधिकारों के इस्तेमाल के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने ऐसे मामलों की आलोचना की और कहा कि न्यायालय ऐसे मामलों में सख्ती के साथ पेश आएगा।

गांधिर ने भी यह बात मानी कि उसने गुस्से के चलते कंपनी के खिलाफ उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया। महिला ने कहा कि उसकी मंशा उत्पीड़न के आरोप की नहीं थी और सही मायने में वह इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहती थी लेकिन डर और आपा खोने की वजह से उसने ऐसा किया। गांधिर के स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने महिला पर २५ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले में नरमी दिखाने से इस तरह के मामलों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के बीच गलत संदेश जाएगा। नियम और कानून बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्ती से पेश आना जरूरी है। मुंबई की स्पाट एंड कंपनी ने गांधिर की फील गुड पर ट्रेडमार्क उल्लंघन का केस किया था। जिसके बाद महिला ने मुंबई की कंपनी के खिलाफ उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया।

## गांधी पुण्यतिथि पर आदिवासियों के बीच हुआ अनोखा आयोजन

**गाँधी १५० योजना के तहत आदिवासियों ने खुद को मुख्यधारा में लाने के लिए लिया संकल्प**

मनासा जिला मुख्यालय से सुदूर आदिवासी गांवों के लोगों ने शहीद स्मृति दिवस महात्मा गांधी पुण्यतिथि के अवसर परसंविधान के रास्ते चलकर गांधीजी के सत्य, अहिंसा व सामाजिक समरसता को एक कर मुख्यधारा में अपने आप को लाने कासंकल्प लिया। गांधी १५० श्रृंखला के कार्यक्रम संयोजक महेश नंदवाना के मार्गदर्शन में मनासा तहसील के आदिवासी क्षेत्र में आयोजित यहकार्यक्रम साधारण तरीके से पुण्यतिथि मनाने के तोर तरीकों से हटकर आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में ठीक सुबह ११ बजे शांति सदभावना की कामना के साथ महात्मा गाँधी को २ मिनट मौन रहकर समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। एक आदिवासी बालिका द्वारा गांधीजी के चित्र पर माला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आदिवासी जनजाति व पिछड़ा वर्ग के धाकड़ खेड़ी आश्रम पर धाकड़खेड़ी, नयागांव, वाराहजी के सैकड़ों महिलाओं, पुरूषों वबच्चों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में वंचित व शोषित वर्ग को मुख्यधारा में लाने की बात करते हुए कार्यक्रम संयोजक महेश नंदवाना ने कहा कि संविधान ही हमारे लोकतंत्र का असली धर्मग्रंथ है। हमारे महापुरुषों और शहीदों के बलिदान केकारण हमने आजादी प्राप्त की है व इस आजादी को हम संविधान के मूल्यों की रक्षा करके ही बरकरार रख सकते है।

प्रसिद्ध रंगकर्मी व मानवाधिकार आयोग के सदस्य विजय बैरागी ने मालवी बोली में ग्रामीणों को उद्बोधन देते हुए कहा किउल्लेखित नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों को जीवन मे उतारकर ही सच्चा भारतीय बना जा सकता है व लोगों की वास्तविकसेवा की जा सकती है। हमारा संविधान जाति, धर्म, लिंग, भाषा, क्षेत्र और संप्रदाय के आधार पर नागरिकों में कोई भेद नही करतातथा भारत माता के आंचल में पलने वाले उसके प्रत्येक बेटे और बेटियों के साथ समान व्यवहार करता है। यही हिंदुस्तान की सबसे बड़ी खूबी है जो हमे दुनिया के अन्य देशों से अलग करती है। हमे किसी भी कीमत पर इन मूल्यों से समझौता नही करना चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता गुलाब सिंह चन्द्रावत ने गांव के लोगों व खासकर महिलाओं से आव्हान किया कि अब आपकी आधी आबादी को पूरा हक मिलने का समय आ चुका है। पुरूषों को अब अपने समाज व गावों में नशा मुक्ति कर सामाजिक वपारिवारिक दायित्व को भी समझना होगा ।शिक्षा विद श्याम साल्वी ने गांधीजी के सर्व धर्म समभाव, सामाजिक उँच नीच से बाहरआने की बात की। कार्यक्रम के दौरान पुर्व जिला पंचायत सदस्य नानालाल भील ने सभी को संविधान के रास्ते चलने की शपथ दिलाई व इस जागरूकता के लिए गांधी १५० के सदस्यों का आभार व धन्यवाद ज्ञापीत किया। कार्यक्रम के पश्चात गांव के लोगों महिला वबच्चों का सामुहिक भोजन भी हुआ।

कार्यक्रम की गरिमा व अनूठापन इससे प्रतित होता है, कि आदिवासी छात्रा द्वारा गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रमकी शुरुआत की गई साथ ही अपने घरों में महिलाऐं जो सबसे अंत में भोजन करती हैं, उन्हें सबसे पहले बच्चों के साथ भोजनकरवाया गया तथा गांव के पुरुषों ने अंत में भोजन किया। इस अवसर पर कंजार्डा के समाजसेवी सुरेश जैन, संजय राठोड़ खेड़ली,उप सरपंच बाबु भाई भील, शा.मा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती साधना भंडारी, अरूण मालवीय, रमेश चन्द्र नाथ, आश्रम स्टाफ के नंदलाल, केसरीमल बागरी, मुन्नालाल गेहलोद सहित धाकड़ खेड़ी, नयागांव सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## संपादकीय...

### 'गोवा' वाला डर!

महाराष्ट्र में शिवसेना और बीजेपी के बीच गठबंधन को लेकर खींचतान जारी है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए दोनों पार्टियां अभी किसी निश्चित फॉर्म्युले पर राजी नहीं हुई हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। २०१४ के लोकसभा चुनाव में बीजेपी बड़े भाई की भूमिका में थी लेकिन विधानसभा चुनाव में शिवसेना ने खुद को बड़ा भाई कहते हुए ज्यादा सीटें मांगी थीं। बात नहीं बनने पर दोनों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। आइए जानते हैं कि शिवसेना को बीजेपी से गठबंधन करने से पहले किन बातों का डर सता रहा है: शिवसेना और बीजेपी के बीच पिछले कुछ हफ्तों से गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। दोनों पार्टियों के बीच इस दौरान तल्ख बयानबाजी भी देखने को मिली है। जहां एक ओर शिवसेना ने बीजेपी को दफन करने की बात कहते हुए खुद को महाराष्ट्र में बड़ा भाई बताया, वहीं बीजेपी की तरफ से कहा गया कि गठबंधन करना उसकी कोई मजबूरी नहीं है। लगभग हर चुनाव से पहले शिवसेना के कड़े रुख की वजह एक डर भी है, जो बीजेपी ने गोवा में अपने सहयोगी (अब शिवसेना के साथ) महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के साथ किया। एक शिवसेना नेता ने इस डर का इजहार करते हुए कहा था, 'गोवा में उभार के लिए उन्होंने एमजीपी का इस्तेमाल किया और महाराष्ट्र में शिवसेना की मदद से अपना आधार बढ़ाया। लेकिन शिवसेना कोई एमजीपी नहीं है।'

१९६१ में पुर्तगालियों का शासन खत्म होने के बाद एमजीपी गोवा की सत्ता पर राज करनेवाली पहली पार्टी थी। गोवा में हिंदुओं (खास तौर पर गैर ब्राह्मण) के जबरदस्त समर्थन की वजह से एमजीपी ने १९६३ से लेकर १९७९ तक शासन किया। बीजेपी और एमजीपी ने १९९४ का विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ा। इस गठबंधन में बीजेपी जूनियर पार्टनर थी। एमजीपी ने २५ और बीजेपी ने १२ सीटों पर गठबंधन के तहत उम्मीदवार उतारे।

## बॉलीवुड समाचार



## डब्बू रतनानी के कैलेंडर पर दिखा सनी लियोनी और जान्हवी कपूर का बोल्ड अवतार





**सुमन मौर्या**

बॉलीवुड के जाने माने फैशन फोटोग्राफर डब्बू रतनानी का मोस्ट अवेटेड और ग्लैमरस कैलेंडर २०१९ के फोटोज सामने आ गए हैं। फैंस को हर बार उनके इस कैलेंडर का इंतजार रहता है। कैलेंडर पर डब्बू रतनानी के फोटोज में सनी लियोनी और जान्हवी कपूर का बोल्ड अवतार देखने को मिला है। सबसे ज्यादा चर्चा इन दोनों के फोटो की ही हो रही है। कैलेंडर का लुक सामने आते ही दोनों की तस्वीरें वायरल हो गई हैं। रतनानी के कैलेंडर २०१८ के लिए सनी लियोनी जहां काम वाली बाई बन गई थीं, वहीं इस बार टॉपलेस हो गई हैं। वो सिर्फ एक रेड कलर की जैकेट में नजर आ रही हैं। उनका ये अंदाज वाकई फैंस का दिमाग हिला सकता है। वहीं धड़क एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने कैलेंडर में बतौर अभिनेत्री डेब्यू किया है।

कैलेंडर में वह गोल्डन सेक्सी अवतार में नजर आ रही हैं। उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है।डब्बू रतनानी के २०१९ के कैलेंडर में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, विद्या बालन, फरहान अख्तर, जॉन अब्राहम, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, टाइगर श्रॉफ, कृति सेनन, श्रद्धा कपूर, सनी लियोन, जैकलीन फर्नांडीज, सोनाक्षी सिन्हा, जान्हवी कपूर और कार्तिक आर्यन को जगह दी गई है। उनका ये फोटोशूट २०वां फोटोशूट है।


## फिल्मी दुनिया में उभरता हुआ सितारा चाहत सिंह






**कहते** हैं माया नगरी मुंबई सपनों का शहर है यहां हर कोई अपनी आंखों में सुनहरे सपने लिए आता है मगर बहुत कम ऐसे लोग होते हैं जो आकाश की ऊंचाई को छू पाते हैं और अपने सपने पूरे कर पाते हैं। आज हम यहां बात करेंगे एक ऐसी ही स्ट्रगलर आर्टिस्ट की जिसने अपने सपनों को सच कर दिखाया है. फिल्मी दुनिया की चकाचौंध आंखों में बड़ी स्टार बनने का सपना लिए हुए चाहत सिंह जिन्होंने शुरुआती दौर में नौकरी कि और फिर फिल्मी दुनिया में अपना कैरियर बनाने की सोची और फिर वहीं से शुरू हुआ उनका फिल्मी कैरियर. जॉब पर रहते हुए उन्होंने कई जगहों पर ऑडिशन दिया जिसके बाद चाहत ने कई सीरियल एल्बम करने के बाद आज एक फिल्म ज़ोहरा बाई में काम कर रही है बता दे की चाहत को उनके माता-पिता ने फिल्मी दुनिया में अपना कैरियर बनाने में काफी सपोर्ट किया है चाहत के उज्जवल भविष्य की कामना उन के सभी दोस्त करते हैं.

## फरवरी में रिलीज होगी ये चार बड़ी फिल्में, जानिए नाम




साल २०१९ की शुरुआत में 'सिंबा', 'उरी', 'केदारनाथ', 'माणिकर्णिका', और 'द एक्सीडेंटल प्राइमिनिस्टर' जैसी कई फिल्में रिलीज हुई. फरवरी में कई बड़े स्टार्स की फिल्में रिलीज होने वाली हैं जो बॉक्सऑफिस पर धमाल मचा देगी. नया साल फिल्मों के लिए कुछ पायरेसी की वजह से कुछ खास नहीं रहा.

आपको बता दें रिलीज से पहले 'द एक्सीडेंटल प्राइमिनिस्टर', 'उरी', और 'मणिकर्णिका', लीक हो गई जिसकी वजह से इन फिल्मों को काफी घाटा सहना पड़ा. फिलहाल फरवरी में कौन-कौन सी चार फिल्में रिलीज होने वाली है आइए हम आपको बताते हैं.

एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा: इस फिल्म में अनिल कपूर और सोनम कपूर दोनों पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे. फिल्म में जूही चावला और अनिल कपूर की जोड़ी लंबे समय बाद साथ दिखाई देगी. सोनम कपूर और राज कुमार राव एक दूसरे के अपोजिट दिखाई देंगे. एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा ये फिल्म १ फरवरी को रिलीज होगी.

**'गली ब्वॉय':** साल २०१९ की शुरुआत में रणवीर सिंह की फिल्म 'सिंबा' रिलीज हुई. दर्शकों को ये फिल्म काफी पसंद भी आई थी. फिल्म में सारा अली खान रणवीर की हिरोइन थीं. फरवरी में रणवीर दर्शकों के लिए 'गली ब्वॉय' लेकर आ रहे हैं. फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट लीड रोल में दिखाई देंगी. जोया अख्तर के निर्देशन में बनी ये फिल्म १४ फरवरी को सिनेमा घरों में रिलीज होगी.

**'सोन चिड़िया':** सुशांत सिंह राजपूत और भूमि पेडनेकर की ये फिल्म ८ फरवरी को रिलीज होने वाली है. फिल्म की शूटिंग चंबल में हुई है और ये फिल्म डकैतों पर आधारित है. फिल्म में सुशांत डकैत के किरदार में दिखाई देंगे.

**टोटल धमाल:** फरवरी में अनिल कपूर की दो फिल्में रिलीज होने वाली है. 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' के बाद 'टोटल धमाल' रिलीज होगी. फिल्म में उनके साथ माधुरी दीक्षित भी दिखाई देंगी. फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और फिल्म २२ फरवरी को सिनेमा घरों में रिलीज हो जाएगी.

## जल्द दूल्हा बनेंगे वरुण धवन!

### गर्लफ्रेंड नताशा दलाल ने शुरू की शादी की शॉपिंग





**बॉलीवुड** में साल २०१८ शादियों के नाम रहा है। सोनम कपूर, दीपवीर और प्रियंका-निक जोनस शादी के बंधन में बंधे हैं। अब इस साल भी फैन्स अपने फेवरेट सेलेब्रिटीज को शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसमें सबसे पहला नाम है वरुण धवन और नताशा दलाल का। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन और नताशा दलाल आने वाले कुछ महीने में शादी के बंधन में बंध सकते हैं।

हमारे सहयोगी मुंबई मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक वरुण धवन अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल से आने वाले कुछ महीनों में शादी कर सकते हैं। मुंबई मिरर ने सूत्रों के हवालों से लिखा है कि नताशा दलाल ने शादी की तैयारियां शुरू कर दी है। आपको बता दें कि इससे पहले रिपोर्ट्स थी कि वरुण और नताशा नवंबर में शादी के बंधन में बंधेंगे।

नताशा शादी की आउटफिट, डेकोरेशन और फूलों की शॉपिंग कर रही हैं। वहीं, नताशा दलाल पेशे से एक फैशन डिजाइनर हैं। ऐसे में नताशा अपनी ब्राइडल आउटफिट को खुद डिजाइन कर सकती हैं। वहीं, कुछ और मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नताशा इस शादी में हर छोटी सी छोटी चीजों का खुद ध्यान रख रही हैं।

**कॉफी विद करण में कबूली थी ये बात**

वरुण धवन ने करण जौहर के शो कॉफी विद करण में नताशा दलाल के साथ रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। शो में करण जौहर ने वरुण धवन से कहा कि- तुम और नताशा 'हैप्पी फ्रेंड' की तरह लगते हो। वरुण ने तुरंत करण को सही करते हुए कहा- 'हैप्पी कपल'। करण जौहर ने पूछा था कि क्या तुम अपना रिलेशनशिप को स्वीकार कर रहे हो। इस पर वरुण धवन ने कहा था कि-हां मैं नताशा को डेट कर रहा हूं। हम कपल हैं। मैं नताशा से शादी करने की प्लानिंग कर रहा हूं।

**बचपन के दोस्त हैं नताशा दलाल और वरुण धवन**

वरुण धवन और नताशा दलाल बचपन के दोस्त हैं। नताशा दलाल को वरुण धवन के कई फैमिली फंक्शन में भी साथ देखा गया है। वरुण धवन ने एक एंटरटेनमेंट वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में बताया कि उनकी गर्लफ्रेंड नताशा आम जिंदगी जीना चाहती हैं।

## राहत फतेह अली खान पर लगा स्मगलिंग करने का आरोप, ED ने जारी किया नोटिस



फेमस सिंगर राहत फतेह अली खान पर एक गंभीर आरोप लगा है. खबरों की माने तो उन्होंने तकरीबन तीन साल तक भारत में फॉरेन करेंसी की स्मगलिंग की है. एबीपी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में राहत फतेह अली खान को ३,४०००० यूएस डॉलर मिले थे. फिर उन्होंने २२५००० डॉलर की स्मगलिंग की. इसके बाद ED ने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा है. ED ने २ करोड़ ६१ लाख रुपये की रकम को लेकर जवाब मांगा है. अगर ईडी को राहत फतेही अली खान का जवाब सही नहीं लगा तो उनपर ३०० प्रतिशत जुर्माना लगाया जा सकता है. साथ ही जुर्माना न देने पर उन्हें भारत में बैन भी किया जा सकता है. इससे पहले भी राहत फतेह अली खान पर विदेशी मुद्रा की स्मगलिंग का आरोप लगा था. साल २०११ में दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उन्हें सवा लाख डॉलर के साथ पकड़ा गया था. आपको बता दें कि राहत फतेह अली खान ने कई पॉपुलर बॉलीवुड गानों में अपनी मधुर आवाज दी है. इस सूची में 'रश्के कमर', 'दिल तो बच्चा है जी', 'लागी तुझसे मन की लगन', 'मैं जहां रहूं' और 'जग घूमिया' जैसे गानों का शुमार है. उनकी सुरीली आवाज दर्शकों को काफी अच्छी लगती है.

## रणवीर सिंह की '८३' में श्रीकांत का रोल निभाएंगे ये तमिल सुपरस्टार, फिल्म के लिए घटाया ७ किलो वजन



**नई दिल्ली,** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव पर बन रही फिल्म '८३' इन दिनों काफी चर्चा में है। इस फिल्म में लीड कलाकार यानि कपिल देव की भूमिका में रणवीर सिंह नजर आएंगे वहीं नई रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत की भूमिका जाने-माने दक्षिण स्टार जीवा निभाएंगे। जीवा को श्रीकांत का रोल निभाने के लिए दुबला होने के लिए कहा गया है।

जीवा ने इस किरदार के लिए कुल ७ किलो वजन कम किया है। इस किरदार में वह खुद को ढ़ालने के लिए इतनी कड़ी महनत कर रहे हैं कि उन्होंने इसके लिए शारीरिक प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। यही नहीं उन्होंने क्रिकेट की सारी बीरीकियों को सीखने के लिए '८३' वर्ल्डकप वीडियो से श्रीकांत के सभी वीडियो देखने शुरू कर दिए हैं। उनका मकसद है कि वह श्रीकांत की ही तरह सही से बैटिंग कर सकें।

अब जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, कुछ अद्भुत प्रतिभाएं फिल्म के साथ जुड़ रही हैं। हाल ही में, निर्माताओं ने घोषणा की कि पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क को इस फिल्म में बलविंदर सिंह संधू की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। वेबसाइट पिंकविला से बात चीत में निर्माता मधु मंटेना ने बताया कि मैं जीवा का उस दिन से फैंन हूं जब मैंने अपनी पसंदीदा फिल्म 'केओ' देखी। मैं इस फिल्म का हिंदी में रीमेक बनाना चाहता था। मुझे अब उनके साथ काम करने का मौका मिला है। मेरे ख?याल से श्रीकांत को बड़े पर्दे जीवा से अच्छा कोई नहीं निभा पाएगा।

## न्यूजीलैंड में जीत की हैट-ट्रिक, भारत ने सीरीज पर किया कब्जा





**नई दिल्ली,** भारत ने मेजबान न्यू जीलैंड को लगातार तीसरे वनडे में हराते हुए सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। माउंट मोनगानुई में खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने पहले शानदार गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम को ४९ ओवरों में २४३ रनों पर ढेर कर दिया। इसके बाद रोहित शर्मा (६२ रन, ७७ गेंद, ३ चौके, २ छक्के) और विराट कोहली (६० रन, ७४ गेंद, ६ चौके, १ छक्का) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत ४३ ओवरों में ३ विकेट पर २४५ रन बनाते हुए जीत दर्ज की। इस तरह भारत ने न्यू जीलैंड में १० वर्ष बाद द्विपक्षीय सीरीज अपने नाम की। इससे पहले उसने २००९ में सीरीज अपने नाम की थी। रोहित और विराट के अलावा शिखर धवन (२८), अबाती रायुडू (नाबाद ४०) और दिनेश कार्तिक (नाबाद ३८) ने उपयोगी पारी खेली। सीरीज का चौथा वनडे ३१ जनवरी और ५वां वनडे ३ फरवरी को खेला जाएगा। इन दोनों मैचों के रिजल्ट का सीरीज हार-जीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मेजबान टीम के लिए ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट झटके, जबकि मिशेल सैंटनर को एक विकेट मिला।

बेजान पिच पर २४४ रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। रोहित शर्मा ने जमने के लिए समय लिया, लेकिन शिखर धवन ने दूसरे ओवर में डग ब्रासवेल को ३ चौके लगाते हुए जता दिया कि वह आक्रमण करने का मन बनाकर क्रीज पर आए हैं। हालांकि, वह थोड़ा अनलकी रहे और अच्छी शुरुआत के बाद बड़ी पारी नहीं खेल सके। उन्हें २८ रनों के निजी स्कोर पर ट्रेंट बोल्ट ने रोस टेलर के हाथों कैच कराया। धवन ने २७ गेंदों में ६ चौके लगाए। यह विकेट ३९ रनों के टीम स्कोर पर गिरा।

**रोहित और विराट के बीच ११३ रनों की साझेदारी**

इसके बाद रोहित शर्मा ने नए बल्लेबाज विराट कोहली के साथ पारी को आगे बढ़ाई। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए शानदार ११३ रन जोड़ते हुए भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इस दौरान रोहित ने ६३ गेंदों में वनडे करियर का ३९वां पचासा पूरा किया। दूसरी ओर, ५० रन तक पहुंचने के लिए विराट कोहली ने ५९ गेंदें खेलीं। रोहित शतक की ओर बढ़ते दिख रहे थे तभी २९वें ओवर में सैंटनर को बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में स्टंप आउट हो गए। उन्होंने ७७ गेंदों में ३ चौके और २ छक्के की मदद से ६२ रन बनाए। उनका विकेट १५२ रनों के टीम स्कोर पर गिरा।

**रायुडू-कार्तिक ने दिलाई जीत**

इसके कुछ ही देर बाद कप्तान विराट कोहली के रूप में भारत को तीसरा झटका लग गया। वह ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर हेनरी निकोल्स के हाथों लपके गए। उन्होंने ७४ गेंदों में ६ चौके और १ छक्का की मदद से ६० रन की पारी खेली। इसके बाद अंबाती रायुडू और दिनेश कार्तिक ने चौथे विकेट के लिए नाबाद ७७ रनों की साझेदारी करते हुए मैच भारत की झोली में डाल दिया। रायुडू ने ४२ गेंदों में ५ चौके और १ छक्का लगाया, जबकि कार्तिक ने ३८ गेंदों की पारी में ५ चौके और १ छक्का लगाया।

**न्यू जीलैंड की पारी का रोमांच**

पिछले कुछ सप्ताह विवाद से घिरे रहने के बाद वापसी करने वाले हार्दिक पंड्या की प्रभावी गेंदबाजी की मदद से भारत ने तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में न्यू जीलैंड को २४३ रन पर आउट कर दिया। कप्तान विराट कोहली बार बार कहते आए हैं कि पंड्या के रहने से टीम में संतुलन बनता है और आज इसकी बानगी भी देखने को मिली। न्यू जीलैंड के बल्लेबाज धीमी पिच पर भारतीय आक्रमण का सामना नहीं कर सके।

**शमी ने दिया पहला झरटका**

भारत के लिए इस पारी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कोलिन मुनरो (७) को रोहित शर्मा के हाथों कैच आउट कर मेजबान टीम का पहला विकेट गिरा दिया। न्यू जीलैंड ने इसके बाद ५९ के स्कोर तक माटिन गप्टिल (१३) और कप्तान केन विलियमसन (२८) के रूप में अपने २ और विकेट गंवाए। गप्टिल को भुवनेश्वर ने पविलियन का रास्ता दिखाया। वह विकेट के पीछे खड़े दिनेश कार्तिक के हाथों लपके गए।

## सिंधु, साइना, श्रीकांत समेत २३ खिलाडियों को मिली टॉप्स में जगह



टोकियो ओलंपिक की तैयारियों के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) ने पीवी सिंधु, साइना नेहवाल, किदांबी श्रीकांत, पैरा एथलीट वरुण भाटी, शरद कुमार समेत २३ खिलाडियों को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में शामिल कर लिया है। बैडमिंटन के सिंगल्स में समीर वर्मा और एचएस प्रणय को भी रखा गया है, जबकि डबल्स में सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को भी टोकियो ओलंपिक की तैयारियों के लिए टॉप्स की मदद मिलेगी। वहीं महिला डबल्स में अश्वनी पोनप्पा-एन सिक्की रेड्डी और मिक्स डबल्स में प्रणव चोपड़ा-एन सिक्की रेड्डी को इस साल अगस्त में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप तक टॉप्स में रखा गया है। इन दोनों ही जोडियों के प्रदर्शन को इस चैंपियनशिप केबाद परखकर उन्हें आगे टॉप्स में रखने के बारे में फैसला लिया जाएगा।

पैरा एथलेटिक्स में सुमित, सुंदर सिंह गुर्जर, संदीप चौधरी, रिंकू (सभी जेविलन), अमित सरोहा, विरेंदर और जयंती बेहरा को भी टॉप्स में जगह दी गई है। रियो पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट टी मरियप्पन, देवेंद्र झाझरिया के साथ दीपा मलिक निगरानी सूची में रखा गया है। पैरा शूटिंग में मनीष नरवाल, सिंहराज, दीपेंदर, अवनि लेखड़ा को भी टॉप्स में शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त न्युज

### हत्या कर महिला के शव को बेड के अंदर छिपाया, कई दिनों बाद बदबू आने पर हुआ खुलासा

**गुरुग्राम:** गुरुग्राम में एक ३० साल की महिला का क्षत-विक्षत शव बेड स्टोरेज के अंदर पाया गया है। मृतक की पहचान बिहार के गया की रहने वाली बबीता के रूप में हुई है। वह अपने पति राजेश के साथ किराए के मकान में रह रही थी। इसी घर में उसकी लाश मिली। महिला को उसके पति ने कथित तौर पर मार डाला, जिसके बाद उसने शव को बॉक्स के अंदर भर दिया गया। राजेश तब से गायब है और पुलिस उसके ठिकाने की तलाश कर रही है। इस घटना का पता तब चला जब कैब के मालिक दिनेश को बदबू आई। चाय के स्टॉल के मालिक दिनेश ने करीब डेढ़ महीने पहले राजेश को अपनी कैब के ड्राइवर के रूप में नौकरी पर रखा था। दिनेश ने कहा, 'मैं कुछ दिनों से घर पर नहीं था, लेकिन चाबी राजेश के पास थी, जो मेरी टैक्सी चलाता था और यहां तक कि मेरी अनुपस्थिति में मेरी चाय की दुकान की देखभाल भी करता था। जब मैं लौटा, तो राजेश का पता नहीं चल रहा था। ४-५ दिनों के बाद दुर्गंध आने लगी और जब मैंने बिस्तर खोला तो मैं एक महिला का शव देखकर चौंक गया।' पुलिस ने कहा कि दिनेश नारनौल में अपने गांव गया था जब राजेश ने कथित तौर पर अपनी पत्नी बबीता की हत्या कर दी और शव को बिस्तर के अंदर छिपा दिया। राजेश और दिनेश दोनों के पास मुख्य दरवाजे की चाबी थी। राजस्थान के बहरोड़ के रहने वाले राजेश ने सात महीने पहले बबीता से शादी की थी। बबीता अपने पहले पति से अलग हो गई थी, जिसके साथ उसके ५ बच्चे थे।

दिनेश ने कहा कि वह २१ जनवरी को अपने गांव से लौटा और राजेश के घर पर ताला लगा पाया। उसने कई बार राजेश को फोन करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन नहीं मिल रहा था। हालांकि दिनेश को दुर्गंध आ रही थी, उसने सोचा कि कोई चूहा घर में कहीं मर गया होगा। लेकिन शनिवार की सुबह गंध असहनीय हो गई, तब दिनेश ने बिस्तर के अंदर देखा और एक महिला के शव को पाया। पुलिस के मुताबिक, मृतक के पिता को राजेश पर उनकी बेटी की हत्या का शक है। सेक्टर-५० पुलिस स्टेशन में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है। 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' से जांच अधिकारी जय भगवान ने कहा, 'हमने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश कर रहे हैं। राजेश के पास दिनेश के कमरे की एक अतिरिक्त चाबी थी और हमें संदेह है कि उसने पिछले हफ्ते अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी और शव को छिपा दिया था। मकसद अभी भी जांचा जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

### फर्जी बिल बनाकर किया १७७ करोड़ रुपए का GST फर्जीवाड़ा, हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** गुजरात में एक शख्स को १७७.६४ करोड़ रुपए का जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) फर्जीवाड़ा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय जीएसटी विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। गांधीनगर में केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय के कार्यालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि व्यक्ति की पहचान २९ वर्षीय एहसास अली सैयद के तौर पर हुई है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि वडोदरा का रहने वाला एहसास इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के लिए फर्जी बिल जारी करता था। उसने आईटीसी पाने के लिए कथित रूप से ६६ फर्जी कंपनियों के नाम बिल जारी किये थे। आरोपी के पास फर्जी मालिकों के नाम से जीएसटी पंजीकरण, जीएसटी पहचान पत्र, लॉगिन-पासवर्ड, सिम कार्ड, बैंक अकाउंट्स और ऑनलाइन पासवर्ड था। विज्ञप्ति में बताया गया, 'आरोपी अपने द्वारा बनाई गई कंपनियों के नाम पर फर्जी बिल जारी करता था। उसने १७७.६४ करोड़ रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने के लिए १,२१० करोड़ रुपए के कर योग्य मूल्य का टैक्स इनवॉइस जारी किया। आरोपी को सीजीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है।' मालूम हो कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स के तहत मैन्युफैक्चरर को इनपुट क्रेडिट के जरिये टैक्स बेनिफिट मिलता है। लेकिन कई लोग ज्यादा आईटीसी हासिल करने के लिए नकली बिल का इस्तेमाल करते हैं।

### दर्दनाक! पतंग लूटने के चक्कर में गई १० साल के मासूम की जान, कुत्तों के झुंड ने खेत में नोंच-नोंचकर मारा

**चंडीगढ़ :** देशभर में मकर संक्रांति पर्व से पतंग बाजी शुरू हो गई है. दरअसल यह त्योहार पतंग पर्व भी माना जाता है. कई बार पतंग बाजी के कारण बड़ी घटनाए भी हो जा रही है. ऐसा ही एक मामला पंजाब से सामने आया है जहां एक मासूम की जान पतंग लुटने के चक्कर में चली गई. जानकारी के मुताबिक यह दिल दहला देने वाली घटना नाभा के गांव मेहस में हुई है. एक १० साल का बच्चा अपने दोस्तों के साथ पतंग उड़ा रहा था. इस दौरान एक पतंग कटी और वह उसे लूटने के लिए भागा. इस चक्कर में उसके पीछे गांव के आवारा कुत्तों का झुंड पड़ गया और उसे मार डाला. बच्चे पर कुत्तों ने एक साथ हमला किया और घसीटते हुए खेत में लेकर चले गए. स्थानीय लोगों ने जब बच्चे को अचेत अवस्था में देखा तो उसे अस्पताल लेकर गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. बच्चे को नोंच- नोंचकर मौत के घाट उतार गया था. कुत्तों ने बच्चे के मुंह, कान समेत शरीर के कई हिस्सों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. ज्यादा खून बहने के कारण बच्चे की मौत हो गई.उधर चंडीगढ़ के सेक्टर-४१ के पास गांव बुटरेला में एक घायल आवारा कुत्ते ने कुछ लोगों पर हमला कर दिया. कुत्ते ने दो लोगों को काट लिया, जिसके बाद शिकायत मिलने पर निगम की टीम कुत्ते को पकड़ने पहुंची. इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर हरदीप सिंह पर भी कुत्ते ने हमला बोल दिया. गलीमत रही की वो बच गए. हालांकि निगम की टीम कुत्ते को पकड़कर इलाज के लिए अपने साथ ले कर गई है.

### ५५ लाख रूपये मूल्य का सोना जब्त, दो एयरलाइन कर्मी के साथ ५ अन्य गिरफ्तार

**कोयंबटूर:** राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने सोने की तस्करी में मदद करने वाले एयरलाइन के दो कर्मचारियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनसे ५५ लाख रुपये मूल्य की सोने की छड़े बरामद की. अधिकारियों ने बताया कि एयरलाइन के दोनों कर्मचारियों और कोलंबो से आए एक यात्री को यहां हवाई अड्डे से बाहर निकलने के दौरान गिरफ्तार किया गया. श्रीलंकाई एयरलाइन की उड़ान से शुक्रवार रात को यहां पहुंचे यात्री ने कर्मचारियों को १६ छड़ें दी थी. डीआरआई ने विज्ञप्ति में बताया कि एयरलाइन कर्मचारियों द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर हवाई अड्डे से १.३ किलोमीटर दूर सोने को लेने के लिए पहुंचे एक 'व्यवस्थापक' और एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया. दोनों भागने की कोशिश कर रहे थे. विज्ञप्ति में बताया गया कि पांचों ने कथित रूप से तस्करी रैकेट में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है. बाद में पांचों को जमानत दे दी गयी

### महिला मरीज के कपड़े बदलते हुए बनाई वीडियो क्लिप, वॉर्ड ब्वॉय गिरफ्तार

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे स्थित एक अस्पताल में एक वॉर्ड ब्वॉय को एक महिला की आपत्तिजनक वीडियो कैप्चर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक वह महिला एमआरआई बॉडी स्कैन के लिए अस्पताल के एक कमरे में अपने कपड़े चेंज कर रही थी। इसी दौरान उस लड़के ने अपने मोबाइल में उस महिला का वीडियो बना लिया। पुलिस ने बताया कि २५ वर्षीय लकेश लहू उत्तेकर को उस महिला की शिकायत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसने चेंजिंग रुम में एक मोबाइल फोन पाया जिसमें उसे अपनी आपत्ति जनक फोटो और वीडियो क्लिप मिली। बताया जाता है कि महिला पेट दर्द की शिकायत के बाद २३ जनवरी को अस्पताल में भर्ती हुई थी। वॉर्ड ब्वॉय ने उस महिला को चेंजिंग रुप के पता बताया और कहा कि वे इस कमरे में कपड़े बदल सकती है। दरअसल लड़के ने उस कमरे में पहले से ही मोबाइल फिक्स कर के रख दिया था। महिला ने कमरे में मोबाइल फोन पाया जिसके बाद उसने अपने पति को ये बात बता दी। फोन को खंगालने के बाद उन्हें महिला के कपड़े उतारते हुए वीडियो क्लिप मिल गई। कपल ने इस संबंध में कोरेगांव पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया जिसके बाद पुलिस ने जांच के बाद उत्तेकर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आईपीसी की धारा के तहत आरोपी को गिरप्तार कर जेल भेज दिया है।

## २० लाख की बीमा रकम पाने के लिए कर दी अपने ही कर्मचारी की हत्या, लाश को पहनाए खुद के कपड़े

**रतलाम:** मध्य प्रदेश में रतलाम जिले के कुमेड़ गांव में २३ जनवरी को हुए कथित आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या के मामले में सोमवार को पुलिस ने हैरान करने वाला खुलासा किया। संदेह है कि इस हत्याकांड में मृतक बताए जा रहे व्यक्ति ने ही २० लाख रुपये की बीमे की रकम पाने के लिए अपने कर्मचारी की हत्या की और स्वयं को मृतक बताने के लिये अपने कपड़े लाश को पहनाए और पहचान के लिये अपना सामान भी लाश के आसपास बिखेर दिया था।आरएसएस कार्यकर्ता की कथित हत्या के इस मामले ने प्रदेश में राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया था और भाजपा ने कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए प्रदेश भर में पुतला दहन और प्रदर्शन किये थे। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव तिवारी ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि २३ जनवरी को कमेड़ से आरएसएस कार्यकर्ता बताए गए हिम्मत पाटीदार (३६) का चेहरा जलाकर हत्या कर देने की सूचना उसके पिता ने ही पुलिस को दी थी। प्रारंभिक रूप से परिजनों ने मृतक की पहचान कपड़ों और सामान के आधार पर हिम्मत के रूप में की थी। लेकिन जब जांच आगे बढी, तो पुलिस को पता चला कि हिम्मत के खेत पर काम



करने वाला कर्मचारी मदनलाल मालवीय (३२) गायब है।

पुलिस को पहले संदेह हुआ कि मदनलाल ही हिम्मत की हत्या करने बाद फरार हो गया, लेकिन जब हिम्मत की डायरी से बीमा नंबर, एफडी, पिन नंबर आदि की जानकारी मिली और हिम्मत के फोन का सारा डाटा गायब मिला, तो पुलिस को दाल में कुछ काला दिखाई दिया। तिवारी ने बताया कि पुलिस ने शंका दूर करने के लिए लाश का डीएनए टेस्ट करवाया तो पूरे मामले का भंडफोड़ हो गया। डीएनए टेस्ट में साबित हो गया कि खेत से जो लाश मिली है, वह हिम्मत की न होकर उसके खेत में काम करने वाले मदनलाल की है।

उन्होंने कहा कि डीएनए जांच के लिये लाश के नमूने की जांच में हिम्मत के पिता के नमूनों से मिलान नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने मदनलाल के परिजन से शव के डीएनए का मिलान किया तो उससे मिलान हो गया, इससे हत्याकांड का खुलासा हो गया। एसपी ने बताया कि आरोपी हिम्मत ने हत्या के बाद मृतक मदनलाल के शरीर के पूरे कपड़े बदल दिये लेकिन उसका अंडरवियर नहीं बदला जो कि बाद में मदनलाल की पत्नी द्वारा पहचान लिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि हिम्मत आरएसएस की शाखाओं में भाग लेता था लेकिन आरएसएस संगठन में कोई पदाधिकारी नहीं था।

पुलिस को संदेह है कि हिम्मत ने मदनलाल की हत्या का षडयंत्र २० लाख रुपये की बीमा राशि के लिये किया था। उसने मदनलाल की हत्या के बाद उसकी कद काठी एक जैसी होने का लाभ उठाया और उसे हिम्मत की लाश बनाकर खुद की हत्या की झूठी कहानी गढ़ दी। हत्या के बाद से हिम्मत फरार है। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने १० हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है।

तिवारी ने बताया कि हिम्मत ने स्टेट बैंक से करीब २० लाख रुपए का बीमा कराकर नामित पत्नी को बनाया था। वह लेन-देन का काम करता था और लंबे समय से काफी कर्ज में डूबा था। कर्जा चुकाने से बचने और बीमे की राशि हड़पने के लिए उसने पूरी साजिश रची होगी। एसपी ने बताया कि पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि हिम्मत के परिजन भी कहीं उसके साथ इस साजिश में शामिल हैं या नहीं। मालूम हो कि मंदसौर, बड़वानी और रतलाम जिले में भाजपा से जुड़े लोगों की हत्याओं के सिलसिले में भाजपा ने प्रदेश में कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कानून एवं व्यवस्था का सवाल खड़ा किया था।

## पत्नी पर था किसी और से अफेयर का शक




### ऑफिस में जाकर चाकू मार के कर दी हत्या

**मुंबई :** मुंबई के भायंदर में एक शख्स ने अपनी पत्नी के ऑफिस में जाकर चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना मंगलवार की है। ३२ वर्षीय कुमार भोईर नाम के इस शख्स ने हत्या के बाद आत्मसमर्पण कर दिया है। उसने पुलिस को बताया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी वीणा (३७) का किसी अन्य पुरुष के साथ अफेयर है इसी बात पर वह उससे नाराज था। उसने बताया कि उसकी शादी को १२ साल बीत चुके हैं। शख्स से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पति पत्नी के बीच आए दिन झगड़े होते रहते थे।

वीणा ने २ जनवरी को घर छोड़ दिया था और कही चली गई थी। इसके बाद कुमार ने उसे लेकर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब पुलिस ने वीणा को ढूंढ़ कर निकाला तो उसने कहा कि वह घर वापस नहीं जाना चाहती है उसने अपनी मर्जी से घर छोड़ा है। पुलिस ने बताया कि कुमार मंगलवार को सीए की एक कंपनी में गया जहां वीणा काम करती थी।

वहां ऑफिस के अंदर ही दोनों के बीच खूब बहस हुई इसी दौरान लड़ाई के बीच कुमार ने वीणा के पेट चाकू घोंप दिया। पत्नी को चाकू मारने के बाद वह वहां से भाग गया और पुलिस को जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हुए चाकू को बरामद कर लिया है।पुलिस के मुताबिक मंगलवार को कुमार भायंदर रेलवे स्टेशन के निकट वीणा के ऑफिस के बाहर काफी देर तक उसका इंतजार किया। वीणा उस ऑफिस में ८ सालों से काम कर रही थी। साढ़े १० बजे जब वीणा ऑफिस आई कुमार ने ऑफिस के अंदर उसका पीछा करते हुए चला गया। पुलिस ने बताया कि कुमार भी उसी ऑफिस में सेल्समैन का काम करता था।कुमार ने अंदर जाकर वीणा से बात की और उसे घर वापस चलने के लिए कहा इसपर वीणा ने घर चलने से साफ इनकार कर दिया। यहां पर उन दोनों के बीच काफी गरमागरम बहस शुरू हो गई। वीणा ने उसे कहा कि वह यहां से चला जाए इस बात पर कुमार को गुस्सा आ गया और उसने वीणा को दो-चार थप्पड़ दिए। इसके बाद कुमार ने आवेश में आकर वीणा के पेट में चाकू दे मारा, क्राइम करने के बाद उसने पुलिस में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया।

## SC/ST एक्ट के तहत दर्ज हुआ था मामला, तनाव के चलते डॉक्टर ने की खुदकुशी



**चुरहट:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में काम करने वाले एक डॉक्टर ने कथित तौर पर रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। डॉक्टर की पहचान डॉक्टर शिवम मिश्रा के तौर पर हुई है जो रीवा के निवासी हैं। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में काम करने वाली एक नर्स ने एससी/एसटी एक्ट के तहत डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था और इसी के बाद से डॉक्टर तनाव से गुजर रहा था। इस मामले से जुड़े तनाव को नहीं सह पाने के बाद डॉक्टर ने कठिन कदम उठाया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। डॉक्टर से परिचय रखने वाले एक शख्स ने बताया है कि शिवम मिश्रा के खिलाफ दर्ज केस काफी अपमानजनक था और बदले की भावना से दर्ज करवाया गया था।

परिचित का कहना है कि डॉक्टर के स्टाफ को ड्यूटी के संबंध में नोटिस जारी किया था और इसी के बाद यह कदम उठाया गया। चुरहट के एसडीपीओ शैलेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, 'हम मामले के पहलुओं की जांच कर रहे हैं। उचित धारा के तहत मामला भी दर्ज कर लिया गया है।'

## राष्ट्रीय ध्वज छपी टी-शर्ट बेचने वाले दो लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे,** गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज छपी



टी-शर्ट बेचने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों की पहचान डोंबीवली के जलिंदर कार्लिकार और अमर अदरगी के रूप में की गई है।

बताया जा रहा है कि हिंदू जनजागृति समिति संगठन की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।डोंबीवली पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक वीएम पवार ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज छापे जाने वाली टी-शर्ट को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय ध्वज संहिता के अनुसार तिरंगे का इस्तेमाल किसी पोशाक अथवा वर्दी के हिस्से के रूप में नहीं किया जा सकता। न ही कुशन, रूमाल या किसी ड्रेस मेटेरियल पर इसे कढ़ाई करके उकेरा जा सकता है। भारतीय ध्वजा संहिता-२००२ को २६ जनवरी, २००२ से लागू किया गया है। इसका उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान है।

## कुबेर निकला आईआरएस अफसर मीणा, छापों में सामने आई ३०० करोड़ की संपत्ति

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में गणतंत्र दिवस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा घूस लेते पकड़े गए नारकोटिक्स विभाग के डिप्टी कमिश्नर सहीराम मीणा की संपत्तियों का खुलासा हैरानी में डालने वाला है। उनके विभिन्न ठिकानों पर डाले गए छापों में कैश, ज्वेलरी समेत ३०० करोड़ की संपत्ति बरामद की गई है। मीणा ने जीएसटी पर 'नीड ऑफ टैक्स रिफॉर्म्स इन इंडिया' नाम से एक किताब लिखी है। मीणा की किताब ऑनलाइन बिक रही है।



एसीबी ने मीणा के आवास, ऑफिस और अन्य ठिकानों पर छापा मारकर ३०० करोड़ रुपए की संपत्ति और नकदी बरामद की है। मीणा के बारे में पता चला है कि वह अगले दिनों में भाजपा या कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ना चाहता था।

छापे के दौरान पुलिस को ऐसे पत्र मिले हैं, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि वह बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के कट्टर समर्थक रहे हैं। मीणा का एक अन्य पत्र भी सामने आया है, जो संभवत: कांग्रेस के लिए था। इसमें उन्होंने दावा किया था कि उनका धर्मनिरपेक्षता में दृढ़ विश्वास है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह पत्र आय से अधिक संपत्ति मामले में बहुत प्रासंगिक नहीं हैं, लेकिन मीणा से इस संबंध में पूछताछ की जाएगी ।


## प्रियंका गांधी ४ फरवरी को जाएंगी प्रयागराज, कुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर करेंगी अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत



कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी की राजनीति में एंट्री हो गई है, लेकिन प्रियंका ने अभी अपनी राजनीतिक पारी की औपचारिक तौर पर शुरुआत नहीं की है. ऐसे में कहा जा रहा है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की महासचिव का पद संभालने से पहले प्रियंका गांधी कुंभ में आस्था की डुबकी लगा सकती हैं. समाचार एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, प्रियंका गांधी अपने भाई व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ आगामी ४ फरवरी को प्रयागराज स्थित संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी. कुंभ में स्नान के बाद वो अपनी राजनीतिक पारी की औपचारिक शुरुआत करेंगी. इसके बाद वो लखनऊ में राहुल के साथ एक जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगी.

दरअसल, चार फरवरी को कुंभ मेले का दूसरा शाही स्नान है और इसी दिन मौनी अमावस्या भी है. जानकारी के मुताबिक प्रियंका गांधी और राहुल गांधी दोनों चार फरवरी को 'मौनी अमावस्या' व दूसरे 'शाही स्नान' के मौके पर पवित्र स्नान करेंगे. अगर उन्हें चार फरवरी को पवित्र डुबकी लगाने का मौका नहीं मिला तो वे १० फरवरी को बसंत पंचमी व तीसरे 'शाही स्नान' पर संगम में डुबकी लगाएंगे.यह शायद पहली बार है, जब राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दोनों संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे. साल २००१ में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कुंभ मेले में हिस्सा लिया था और पवित्र स्नान किया था. गौरतलब है कि सालों से कांग्रेस का एक बड़ा धड़ा प्रियंका गांधी को राजनीति में अहम जिम्मेदारी की मांग कर रहा था.जिसके बाद कांग्रेस आलाकमान ने इस बारे में फैसला किया और प्रियंका गांधी की राजनीति में एंट्री हो गई. कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने उन्हें जनरल सेक्रेट्री नियुक्त कर पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभार दिया है और वो फरवरी के पहले हफ्ते में जिम्मेदारी संभालेंगी.गौरतलब है कि औपचारिक तौर पर राजनीति में आने से पहले प्रियंका रायबरेली और अमेठी में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के चुनावी प्रचार की कमान संभालती थीं.

# राज ठाकरे के बेटे की शादी, पत्नी रश्मि और बेटे आदित्य के साथ समारोह में पहुंचे उद्धव ठाकरे



**मुंबई:** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित की शादी रविवार को मुंबई के लोवर परेल इलाके में स्थित सेंट रेजिस होटल में हो रही है. इस शादी में शामिल होने के लिए उद्धव ठाकरे अपनी पत्नी रश्मि, बेटे आदित्य के साथ समारोह में पहुंचे. जहां पर उन्होंने राज ठाकरे के बेटे और बहू को शादी की आशीर्वाद दी. बता दें कि यह बरसों बाद पहला ऐसा मौका है जब ठाकरे परिवार एक साथ नजर आया है.ठाकरे परिवार के अलावा अब तक इस शादी में सचिन तेंडुलकर उनकी पत्नी अंजलि और बेटे अर्जुन, फिल्म अभिनेता आमिर खान, रितेश देशमुख, उद्योगपति रतन टाटा व आशा भौंसले समारोह में शामिल होने के लिए पहुंची हुई है.

**इन प्रमुख नेताओं को दिया है न्योता**

राज ठाकरे अपने बेटे की शादी में शामिल होने के लिए कांग्रेस पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, बीजेपी नेता नितिन गडकरी, जैसे प्रमुख नेताओं को शादी में शामिल होने को लेकर न्योता दिया है. वहीं इन प्रमुख नेताओं में राहुल गांधी के बारे में मालूम पड़ा है कि उनके व्यस्त कार्यक्रम के चलते वे शादी में शामिल नहीं हो सकेंगे. बाकी अन्य नेताओं के बारे में ऐसा कहा जा रहा है शाम तक शामिल हो सकते है. राज ठाकरे ने अपने बेटे के शादी में शामिल होने के लिए इन प्रमुख नेताओं को न्योत दिया. लेकिन पीएम मोदी और बीजेपी राष्ट्रिय अध्यक्ष अमित शाह को न्योता नही दिया है.बता दें कि राज ठाकरे के बेटे अमित का शादी मिताली बोरुडे से हो रही है. पेशे से फैशन डिजाइनर मिताली जाने-माने डॉक्टर संजय बोरुडे की बेटी हैं. वे अपने पिता के साथ मुंबई में ही रहती है.

# मस्जिद में चोरी करने वाले चोर पुलिस की गिरफ्त में!




**मुंबई :** मामला मुंबई के कांदिवली इलाके की एक मस्जिद का है जहां कुछ अज्ञात चोर मस्जिद की पहले पुरी जगह की जानकारी ले लेते थे, फिर नमाज़ पढ़ने आये लोगों के मोबाईल , बैग्स , इत्यादि ले कर रफूचक्कर हो जाते थे। इस घटना की जानकारी जैसे ही कांदिवली पुलिस ठाणे को मिली, तो पुलिस अधिकारी तुरंत हरकत में आये और मस्जिद पोहोंच के मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मस्जिद में लगे सी.सी. टीवी कैमरे की मदद ली गई। पुलिस अधिकारियों को वीडियो में अज्ञात चोरों की फुटेज मिल गयी, जिसकी मदद से पुलिस अधिकारियों ने, १)गुड्डू बल्लो अंसारी, २)इसरार युनूस खान को चोरी के आरोप में धारावी से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने ६ मोबाईल और कुछ सामान बरामद किया। कांदिवली पुलिस अधिकारियों ने जब आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तो मालूम पड़ा के यह चोर मालवणी, कुर्ला, कांदिवली,की मस्जिदों को ही अपना निशाना बनाते थे।

# कांदिवली पुलिस ठाणे के पुलिस अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए १२ वर्षीय नाबालिग लड़की को गोवा से ढूंढ निकाला



**नितिन पोंडकुले**
**वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक**

**आसिफ खान**

**मुंबई,** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला २५.१.२०१९ का है गणेश सेवा सोसायटी गांधी नगर कांदिवली पश्चिम मुंबई की रहवासी श्रीमती जोसना शिवजी त्रिमुखे कांदिवली पुलिस ठाणे पहुंची और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी को बताया कि मेरी लड़की सयोरि शिवाजी त्रिमुखे १२ वर्षीय दिनांक २५.१.२०१९ की सुबह ६:३० बजे स्कूल जाने को निकली थी. शाम ४ :३० बज गए परंतु वह अभी तक घर नहीं लौटी. मैंने स्कूल में भी मालूमात कि उसके दोस्तों से भी मालूमात ली है लेकिन उसकी किसी को भी कोई खबर नहीं है इसलिए मैं पुलिस स्टेशन में शिकायत करने के लिए आयी हूं .आपसे विनती है आप जल्द से जल्द मेरी बेटी को ढूंढ दीजिए उसके साथ कोई अनहोनी ना हो

मामले को गंभीरता से लेते हुए कांदिवली पुलिस ठाणे के पुलिस अधिकारियों ने २५.१.२०१९. शाम ६ :३० बजे गुनाह क्रमांक ५७ / २०१९ कलम ३६३ के तहत मामला दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी. शुरुआती जांच में पुलिस ने स्कूल में मालूमात हासिल की के बच्ची स्कूल गई थी कि नहीं, पुलिस को मालूम हुआ, छठी कक्षा में पढ़ने वाली कुमारी सयोरि शिवाजी त्रिमुखे १२ वर्षीय स्कूल गई नहीं थी. इसके बाद पुलिस निरीक्षक रोकड़े ने लड़की के दोस्तों के बारे में मालूमात ली के लड़की के कौन दोस्त या सहेली थे.



**पुलिस उपनिरीक्षक सुर्यकांत पवार, पुलिस हवलदार दिगंबर घोरपडे व पथक.**

गुमशुदा लड़की की जानकारी हासिल करने के लिए पुलिस उप निरीक्षक सावन व पथक ने लड़की के दोस्त शरण व संदीप वर्मा को ताबे में लेकर उनसे सख्ती से पूछताछ की, पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि गुमशुदा लड़की उनके साथ २५.१.२०१९ को सुबह ७:०० बजे से शाम ६:०० बजे तक थी उसके बाद लड़की ने उनसे कहा कि मैं घर जा रही हूं ऐसा कहकर वह चली गई. परंतु लड़की घर नहीं पहुंची इसके बाद जांच अधिकारियों ने जब कांदिवली चारकोप इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उन्हें पता चला कि लड़की को कांदिवली चारकोप इलाके के खाली मैदान मैं देखा गया है इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने गुमशुदा लड़की के दोस्त शरण व संदीप उर्फ सैंडी के मोबाइल अपने ताबे में लेकर उनकी फोन की आउट गोइंग व इनकमिंग कॉल की जानकारी भी निकाली, परंतु पुलिस के हाथों कुछ नहीं लगा पुलिस ने २५.१. २०१९ से २७.१. २०१९ तक गुमशुदा लड़की के दोस्तों की मोबाइल की जांच की परंतु पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा पुलिस मुस्तैदी से अपना काम कर रही थी हर मुमकिन कोशिश में थी कि लड़की को कैसे ढूंढा जाए लड़की के पास मोबाइल नहीं होने की वजह से पुलिस की मुश्किलें भी बढ़ चुकी थी.

दिनांक २८.१.२०१९ के दिन सुबह गुमशुदा लड़की के दोस्त शरण के मोबाइल पर किसी अनजान व्यक्ति के मोबाइल से गुमशुदा लड़की ने संपर्क किया और बताया कि गोवा में कळवा ब्रिज है मैं उसके नीचे खड़ी हूं इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस निरीक्षक रोकड़े ने तुरंत गोवा पुलिस से संपर्क साधा और बताया कि महाराष्ट्र मुंबई के कांदिवली इलाके से एक लड़की गुमशुदा है जो आपके राज्य गोवा में कळवा ब्रिज के नीचे खड़ी है जिस नंबर से गुमशुदा लड़की ने कॉल किया था वह नंबर और लड़की का फोटो गोवा पुलिस को भेजा गया गोवा पुलिस तुरंत हरकत में आयी और कळवा ब्रिज के पास लड़की को ढूंढना शुरू किया वहाँ पुलिस को गुमशुदा लड़की मिल गई इसकी सूचना गोवा पुलिस के अधिकारियों ने महाराष्ट्र मुंबई के कांदिवली पुलिस अधिकारियों को दी जिसके बाद पुलिस उप निरीक्षक सूर्यकांत पवार, पुलिस हवलदार दिगंबर घोरपडे व पथक ने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति लेकर गोवा के लिए रवाना हो गए और सोयरी शिवाजी त्रिमूखे को सही सलामत मुंबई कांदिवली पुलिस ठाणे लाया गया और उसके मां-बाप के हवाले कर दिया गया. बच्ची छोटी होने के कारण उसके पास मोबाइल फोन नहीं था जिसके कारण कांदिवली पुलिस ठाणे के अधिकारियों को उसे ढूंढने में काफी मेहनत करना पड़ा परंतु गुमशुदा लड़की के दोस्तों के मोबाइल के माध्यम से उसे ढूंढने में कांदिवली पुलिस ठाणे के अधिकारी सफल रहे.



**सुरेश रोकडे**
**(पुलिस निरीक्षक)**

# दादा अपनी पोती को मानता था अपशकुनी, बच्ची के दो टुकड़े कर- जमीन में कर दिया दफन

दादा और पोती का रिश्ता बाप-बेटी से भी बढ़कर होता है. जब पोती नाराज होती हैं तो वह अपने दादा के पास जाती हैं. लेकिन हम आपको एक ऐसे दादा की गंदी करतूत के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपको झकझोर कर रख देगा. इस खबर को पढ़ने के बाद आपका भी कलेजा मुंह में आ जाएगा. एक दादा द्वारा अपनी ही पोती की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है.

मामला गुजरात के दाहोड जिले में धनपुर तालुका के पीपेरो गांव का है. जहां पर एक दादा अपनी पोती को अपशुकनी मानता था. इसलिए उसने अपनी पोती को खत्म करने का खौफनाक कदम उठाया. इस दादा ने एक माह की मासूम को मौत के घाट उतार दिया. लेकिन उसके बाद भी उसके मन मन को शांति नहीं, तो उसने बच्ची के कई टुकड़े कर के उसे जमीन के अंदर दफन कर दिया.आरोपी दादा शंकर सिंह मेदा को लोग कहा करते थे कि उनके घर जन्मी लड़की अपशकुनी है. दरअसल जब दिसंबर महीने में बच्ची ने जन्म लिया तो उसके शरीर का विकास सामान्य बच्चों की तुलना में अलग था, जैसे उसका कान, सिर के बाल, काफी बड़ा था. जिसके बाद दादा शंकर सिंह को लगता था कि वो उनके परिवार के लिये अच्छा नहीं है. जिसके बाद दादा ने पोती को खत्म करने का प्लान बनायादादा ने यह कह के बच्ची को अपने पास रख लिया कि उसका इलाज वो पारंपरिक तरीके से करना चाहता हैं. जिसके बाद बहू ने अपनी एक माह की बेटी को उसके हाथों में सौंप दिया और खुद मायके चली गई. लेकिन महिला को उसके देवर ने बताया कि उसकी बेटी की हत्या कर दी गई है और उसकी लाश को टुकड़ों में कर दफन कर दिया गया है. फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. घटना की जांच शुरू कर दी है.

# ४ साल बाद गुमशुदा लड़के की गुत्थी सुलझाई ठाणे क्राईम ब्रांच एएचसीटी पुलिस अधिकारियों ने

## परीक्षा में फेल होने और डांट के डर से घर छोड़कर भाग गया था





**ठाणे:** करीब ४ साल पहले घर से भागे १९ वर्षीय सुमेध चंद्रा को ठाणे पुलिस के अनैतिक मानव तस्करी विरोधी सेल ने खोज निकाला है। इसके बाद उसे घरवालों के हवाले कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि ठाणे शहर के वर्तकनगर परिसर में फूलचंद्र चंद्रा अपने परिवार के साथ रहता है। नौवीं में पढ़ने वाला सुमेध चंद्रा २७ मार्च २०१५ को घर से अचानक गायब हो गया था। ५ दिन बाद १ अप्रैल को अज्ञात युवक ने फूलचंद्र चंद्रा को फोन कर बेटे की रिहाई के लिए एक लाख रुपये की मांग की थी। चंद्रा की शिकायत पर पुलिस ने ३ लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला था कि चंद्रा के बेटे के गायब होने में उनका कोई हाथ नहीं था, बल्कि एक जगह मिसिंग का पोस्टर देख उसमें लिखे नंबर पर उन्होंने सिर्फ रुपये के लिए चंद्रा को फोन किया था। लड़के का पता नहीं चल पाया था। बाद में कोर्ट के आदेश के बाद मामला ठाणे पुलिस की अपराध शाखा को जांच के लिए दिया गया। अपराध शाखा के एसीपी भरत शितोले के सेवानिवृत होने के बाद मामले की छानबीन अनैतिक मानव तस्करी विरोधी सेल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रविंद्र दौंडकर कर रहे थे। रविंद्र को लापता सुमेध का बैंक अकाउंट नेरुल के एसबीआई बैंक में होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम ने जांच कर बैंक में जाल बिछाया और सुमेध को अपने कब्जे में लिया। पूछताछ में सुमेध ने पुलिस को बताया कि नौवी में उसे फेल होने का अंदेशा था, इसलिए डांट के डर से वह भाग गया था। सुमेध नेरुल में एक दोस्त के साथ रह रहा था और कैटरिंग में बतौर वेटर काम करता था।

# पाकिस्तान में पहली बार हिंदू महिला बनी जज

**इस्लामाबाद,** सुमन कुमारी पाकिस्तान में दीवानी न्यायाधीश नियुक्त होने वाली पहली हिंदू महिला बन गई हैं। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। कम्बर-शाहदकोट निवासी सुमन अपने पैतृक जिले में ही न्यायाधीश के तौर पर सेवाएं देंगी। डॉन समाचार पत्र के मुताबिक उन्होंने हैदराबाद से एलएलबी और कराची की सैयद जुल्फिकार अली भुट्टो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान से कानून में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। सुमन के पिता पवन कुमार बोदान के मुताबिक सुमन कम्बर-शाहददकोट जिले के गरीबों को मुफ्त कानून सहायता मुहैया कराना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'सुमन ने एक चुनौतीपूर्ण पेशा चुना है, लेकिन मुझे विश्वास है कि वह कड़ी मेहनत और ईमानदारी से ऊंचा मुकाम हासिल करेंगी।' सुमन के पिता नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं और उनका बड़ा भाई सॉफ्टवेयर इंजिनियर है। उनकी बहन चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं।

सुमन गायक लता मंगेशकर और आतिफ असलम की प्रशंसक हैं। पाकिस्तान में किसी हिंदू व्यक्ति को न्यायाधीश नियुक्त किये जाने का यह पहला मामला नहीं है। पहले हिंदू न्यायाधीश जस्टिस राणा भगवानदास थे जो २००५ से २००७ के बीच संक्षिप्त अवधि के लिये कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए थे। पाकिस्तान की कुल आबादी में दो प्रतिशत हिंदू हैं और इस्लाम के बाद देश में हिंदू धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है।






# स्वाइन फ्लू से दिल्ली में १२ की मौत

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा-नहीं हुई कोई मौत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में स्वाइन फ्लू से ६०० लोग ग्रस्त पाए गए हैं जबकि शहर के सरकारी अस्पतालों में मंगलवार तक एच१एन१ वायरस से १२ लोगों की मौत होने की खबर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक २९ जनवरी तक दिल्ली में कम के कम ६१७ लोग स्वाइनफ्लू से ग्रस्त पाए गए जो राजस्थान और गुजरात के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। राष्ट्रीय राजधानी में अब तक संक्रमण से किसी के मरने की खबर नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित सफदरजंग और राम मनोहर लोहिया अस्पतालों में हालांकि एच१एन१ विषाणु की वजह से १२ लोगों की मौत की खबर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक राजस्थान में मंगलवार तक स्वाइन फ्लू से ७६ लोगों की मौत हो चुकी है जबकि वहां १,९७६ मामले दर्ज किये गए हैं। गुजरात में इस बीमारी ने २७ लोगों की जान ले ली जबकि वहां ६५९ मामले सामने आए थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अब तक ५३२ लोगों में स्वाइन फ्लू के लक्षण पाए गए हालांकि किसी के मरने की अब तक खबर नहीं है। सफदरजंग अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, स्वाइन फ्लू की वजह से तीन लोगों की यहां मौत हुई लेकिन उनमें से कोई भी दिल्ली का रहने वाला नहीं था।



राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इससे नौ लोगों की जान गई जिनमें से आठ दिल्ली के रहने वाले थे जबकि एक हरियाणा का था। मरने वालों के इन आंकड़ों के स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट में शामिल न होने के बारे में पूछे जाने पर मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारा आंकड़ा राज्य सरकार से मिले आंकड़ों पर आधारित है। यद्यपि राम मनोहर लोहिया और सफदरजंग केंद्र द्वारा संचालित अस्पताल हैं लेकिन वे अपने आंकड़े दिल्ली सरकार को देते हैं।

# शोपियां में सेना के कैंप पर आतंकी हमला, सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग जारी

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने इस बार आर्मी कैंप को निशाना बनाते हुए फायरिंग की है जिसमें फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। खबर लिखे जाने तक दोनों तरफ से फायरिंग जारी थी। फिलहाल खबर के विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। यह आतंकी हमला शोपियां के अहगम स्थित ४४ राष्ट्रीय राइफल्स के कैंप पर हुआ है। पूरे एरिया की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया है। इससे पहले गणतंत्र दिवस के दिन भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के बाहरी इलाके खोनमोह इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस एनकाउंटर में २ आतंकियों को ढेर कर दिया गया। उनके कब्जे से दो एके -४७ राइफल और गोला-बारूद बरामद किया गया था। मुठभेड़ स्थल पर ५० राष्ट्रीय राइफल्स केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और श्रीनगर पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा गया था।


मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह